राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-सामाजिक विज्ञान

समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे **कक्षा-8** **पूर्णांक-60**

H2026SSC08467

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 ईस्ट इंडिया कंपनी के शुरुआती दिनों में 'फैक्टर' कहा जाता था - 1

(A) व्यापारियों को (B) किसानों को

(C) शिक्षकों को (D) चिकित्सकों को

प्रश्न-2 इस व्यवस्था के अंतर्गत कंपनी के द्वारा राजाओं और ताल्लुकेदारों को जमींदारों के रूप में मान्यता दी गई- 1

(A) महालवारी बंदोबस्त (B) स्थाई बंदोबस्त

(C) रैयतवारी बंदोबस्त (D) पट्टेदारी बंदोबस्त

प्रश्न-3 भारतीय संविधान अपने नागरिकों को देता है- 1

(A) एकाधिकार (B) मौलिक अधिकार

(C) जातिवाद का अधिकार (D) सांप्रदायिकता का अधिकार

प्रश्न-4 निम्न विकल्पों में से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 में किसका उल्लेख है- 1

(A) जल विवाद (B) अस्पृश्यता

(C) जातीयता (D) भाषाई विवाद

प्रश्न-5 बिजली से चलने वाले करघों को कहते हैं - 1

(A) कारखाना (B) हैंडलूम

(C) सुविधा केंद्र (D) पावरलूम

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 लार्ड वॉरेन हेस्टिंग्स सन् ____________ में भारत के गवर्नर जनरल बने। 1

प्रश्न-7 किसानों को ______________ की खेती करने में समस्याएँ आ रही थी। 1

प्रश्न-8 रानी लक्ष्मी बाई का संबंध__________ क्षेत्र से था। 1

प्रश्न-9 कागज बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में मुख्यतः __________ का उपयोग किया जाता है। 1

प्रश्न-10 विकसित देशों की तुलना में भारत में श्रम ____________ है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 झूम खेती की कोई एक विशेषता लिखिए। 2

प्रश्न-12 सिपाहियों में नए कारतूसों के संबंध में क्या खबर फैल गई थी? 2

प्रश्न-13 एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल का गठन किन-किन सदस्यों द्वारा किया गया था? 2

प्रश्न-14 राजा राममोहन राय को समाज सुधारक क्यों कहा गया है? 2

प्रश्न-15 दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के नाम लिखिए? 2

प्रश्न-16 केन्द्र सरकार अपने व्यय का सबसे अधिक हिस्सा किस पर खर्च करती है? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 यूरोपीय बाजारों में भारत की किन वस्तुओं की मांग अधिक थी? 3

प्रश्न-18 सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है? 3

प्रश्न-19 उद्योगों का हमारे जीवन में क्या महत्व है? 3

प्रश्न-20 जनसंख्या परिवर्तन के प्रतिरूप लिखिए। (कोई तीन) 3

प्रश्न-21 नेपाल में पहले से संविधान था तो उसे नये संविधान की जरूरत क्यों पड़ी? 3

प्रश्न-22 स्वतंत्र न्यायपालिका की आवश्यकता क्यों है? 3

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 भारत छोड़ो आंदोलन के उद्देश्य क्या थे और इस आंदोलन के क्या परिणाम हुए? 5

प्रश्न-24 नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधनों को विस्तार से समझाइए। 5

प्रश्न-25 मृदा संरक्षण के कोई पाँच उपाय लिखिए? 5

प्रश्न-26 विधायिका और कार्यपालिका में क्या अंतर है? 5

H2026SSC08467

H2026SSC08467

------xxx------